## वैदिक संस्कृति

1. पूर्व वैदिक या ऋग्वैदिक संस्कृति का काल किसे माना जाता है ?
(अ) 1500 ई.पू. – 1000 ई.पू.
(ब) 1000 ई.पू. – 600 ई.पू.
(स) 600 ई.पू. – 600 ई.
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या– वैदिक काल का विभाजन दो भागों में किया गया है–
(1) ऋग्वैदिक काल 1500 – 1000 ई.पू.
(2) उत्तर वैदिक काल 1000 – 600 ई.पू.

2. उत्तर वैदिक संस्कृति का काल किसे माना जाता है ?
(अ) 1500 ई.पू. – 1000 ई.पू.
(ब) 1000 ई.पू. – 600 ई.पू.
(स) 600 ई.पू. – 600 ई.
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
व्याख्या– वैदिक काल का विभाजन दो भागों में किया गया है–
(1) ऋग्वैदिक काल 1500 – 1000 ई.पू.
(2) उत्तर वैदिक काल 1000 – 600 ई.पू.

3. 'आर्य' शब्द का शाब्दिक अर्थ है–
(अ) वीर या योद्धा
(ब) श्रेष्ठ या कुलीन
(स) यज्ञकर्ता या पुरोहित
(द) विद्वान
उत्तर : (ब) UPPCS 2009
व्याख्या– आर्य शब्द का शाब्दिक अर्थ है–श्रेष्ठ या कुलीन। आर्य शब्द अर धातु से बना है जिसका अर्थ है, जो संस्कार द्वारा श्रेष्ठता स्थापित कर चुका हो। मैक्समूलर ने आर्यों का भारत आना मध्य एशिया से माना है। आर्यों द्वारा निर्मित सभ्यता वैदिक सभ्यता कहलाई। आर्यों की भाषा संस्कृत थी। आर्यों का समाज पितृप्रधान था।

4. प्रारंभिक आर्यों के बारे में निम्न कथनों में से कौनसा सही नहीं है ?
(अ) वे संस्कृत बोलने वाले थे
(ब) वे घुड़सवारी किया करते थे
(स) वे कई झुण्डों में भारत आये थे
(द) वे मुख्यतः नगरों में निवास करते थे
उत्तर : (द) SSC 2001
व्याख्या– आर्यों द्वारा विकसित सभ्यता ग्रामीण सभ्यता थी। इसे वैदिक सभ्यता भी कहते हैं। आर्यों की भाषा संस्कृत थी। आर्यों के प्रशासनिक ईकाई आरोही क्रम (बढ़ते क्रम) से पाँच भागों में बँटा था। ये भाग हैं– कुल, ग्राम, विश, जन और राष्ट्र। ग्राम के मुखिया को ग्रामिणी, विश का प्रधान विशपति एवं जन के शासक को राजन कहा जाता था।

5. इनमें से किस फसल का ज्ञान वैदिक काल के लोगों को नहीं था ?
(अ) जौ (ब) गेहूँ
(स) चावल (द) तम्बाकू
उत्तर : (द) SSC 2001
व्याख्या– परवर्ती वैदिक साहित्यों में गोधूम (गेहूँ), ब्रीही (चावल) जौ आदि अनाजों की चर्चा की गई है जबकि तम्बाकू का कोई जिक्र नहीं है। तम्बाकू का पौधा भारत में पुर्तगालियों द्वारा सन् 1608 ई. में लाया गया था।

6. उत्तर वैदिक काल के वेदविरोधी और ब्राह्मणविरोधी धार्मिक अध्यापकों को किस नाम से जाना जाता था ?
(अ) यजमान (ब) श्रमण
(स) अथर्वन (द) श्रेष्ठिन्
उत्तर : (ब) SSC 2000
व्याख्या– उत्तर वैदिक काल में वेद विरोधी एवं ब्राह्मण विरोधी धार्मिक अध्यापकों को श्रमण के नाम से जाना जाता था।

7. वैदिक गणित का महत्त्वपूर्ण अंग है–
(अ) शतपथ ब्राह्मण (ब) अथर्ववेद
(स) शुल्व सूत्र (द) छांदोग्य उपनिषद्
उत्तर : (स) SSC 1999
व्याख्या–शुल्व सूत्र में यज्ञ वेदियों को नापना, उनके लिए स्थान चुनना तथा उनके निर्माण आदि विषयों का विस्तार से वर्णन है। यह भारतीय ज्यामिति के प्राचीनतम ग्रन्थ हैं।

8. किस वेद में प्राचीन वैदिक युग की संस्कृति के बारे में सूचना दी गई है ?
(अ) ऋग्वेद (ब) यजुर्वेद
(स) अथर्ववेद (द) सामवेद
उत्तर : (अ) SSC 1999
व्याख्या– ऋग्वेद में प्राचीन वैदिक युग की संस्कृति के बारे में सूचना दी गई है।

9. निम्नलिखित में से उत्तर वैदिक काल में लिखे गये ग्रंथों का सही क्रम कौन सा है ?
(अ) वेद, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद्
(ब) वेद, उपनिषद्, ब्राह्मण और आरण्यक
(स) उपनिषद्, वेद, ब्राह्मण और आरण्यक
(द) वेद, आरण्यक, ब्राह्मण और उपनिषद्
उत्तर : (अ)

व्याख्या– सबसे प्राचीन ग्रंथ वेद हैं, उसके बाद क्रमशः ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद् हैं।

10. वेदों की संख्या कितनी है ?
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) पाँच
उत्तर : (स)
व्याख्या– वेद के विभाग चार है–ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। सबसे प्राचीन वेद ऋग्वेद है जबकि सबसे बाद का वेद अथर्ववेद है। ऋग–स्थिति, यजु–रूपांतरण, साम–गतिशील और अथर्व–जड़। ऋक को धर्म, यजुः को मोक्ष, साम को काम और अथर्व को अर्थ भी कहा जाता है। इन्हीं के आधार पर धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र, कामशास्त्र और मोक्षशास्त्र की रचना हुई।

11. कौन से तीन वेद संयुक्त रूप से 'त्रयी' या 'वेदत्रयी' कहलाते हैं ?
(अ) ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद
(ब) ऋग्वेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद
(स) ऋग्वेद, सामवेद और अथर्ववेद
(द) यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद
उत्तर : (अ)
व्याख्या– ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद वेदत्रयी कहलाते हैं।

12. भारत के राजचिन्ह में प्रयुक्त होने वाले शब्द 'सत्यमेव जयते' किस उपनिषद् से लिए गए हैं ?
(अ) मुण्डक उपनिषद् (ब) कठ उपनिषद्
(स) ईश उपनिषद् (द) वृहदारण्यक उपनिषद्
उत्तर : (अ) RRB 2005, Utt. PSC 2005
व्याख्या– मुण्डकोपनिषद में 'सत्यमेव जयते' का उल्लेख है। इसी उपनिषद में यज्ञ की तुलना टूटी नाव से की गई है।

13. ऋग्वैदिक आर्यों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(अ) कृषि (ब) पशुपालन
(स) शिक्षा (द) व्यवसाय
उत्तर : (ब) RRB 2005
व्याख्या– ऋग्वैदिक आर्यों का प्रारम्भिक जीवन अस्थाई था। अतः उनके जीवन में कृषि की अपेक्षा पशुपालन का अधिक महत्व था।

14. भारतीय संगीत का आदिग्रंथ कहा जाता है–
(अ) ऋग्वेद (ब) उपनिषद्
(स) यजुर्वेद (द) सामवेद
उत्तर : (द) RRB 2005
व्याख्या– सामवेद गीत–संगीत प्रधान वेद है। प्राचीन आर्यों द्वारा साम–गान किया जाता था। सामवेद चारों वेदों में आकार की दृष्टि से सबसे छोटा है।

15. प्रथम विधि निर्माता कौन है ?
(अ) मनु (ब) चाणक्य
(स) चन्द्रगुप्त (द) सेल्यूकस
उत्तर : (अ) RRB 2005

16. कृष्ण भक्ति का प्रथम और प्रधान ग्रंथ है–
(अ) महाभारत (ब) श्रीमद्भागवतगीता
(स) गीतगोविंद (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) RRB 2005

17. ऋग्वेद में सम्पत्ति का प्रमुख रूप क्या है ?
(अ) गोधन (ब) भूमि
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) RRB 2005

18. ऋग्वेद के किस मंडल में शूद्र का उल्लेख पहली बार मिलता है ?
(अ) सातवें (ब) आठवें
(स) नौवें (द) दसवें
उत्तर : (द) RRB 2005

19. पुराणों की संख्या कितनी है ?
(अ) 18 (ब) 19
(स) 20 (द) 21
उत्तर : (अ) RRB 2005

20. वैदिक धर्म का मुख्य लक्ष्य इनमें से किसकी उपासना था ?
(अ) प्रकृति (ब) पशुपति
(स) देवी माता (द) त्रिमूर्ति
उत्तर : (अ) RRB 2004

21. किस देवता के लिए ऋग्वेद में 'पुरंदर' शब्द का प्रयोग हुआ है ?
(अ) इन्द्र (ब) अग्नि
(स) वरुण (द) सोम
उत्तर : (अ) RRB 2004

22. 'शुल्व सूत्र' किस विषय से संबंधित पुस्तक है ?
(अ) ज्यामिति (ब) ज्योतिष
(स) गणित (द) खगोल
उत्तर : (अ) RRB 2002

23. 'असतो मा सदगमय' कहाँ से लिया गया है ?
(अ) ऋग्वेद (ब) यजुर्वेद
(स) सामवेद (द) अथर्ववेद
उत्तर : (अ) RRB 2002

24. आर्य भारत में बाहर से आए और सर्वप्रथम बसे थे–
(अ) समातट में (ब) प्रागज्योतिषपुर में
(स) पंजाब में (द) पांचाल में
उत्तर : (स) RRB 2003

www.rajstudents.com

25. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I (वेद) | सूची–I (यज्ञकर्ता) |
|---|---|
| A. ऋग्वेद | 1. होतृ |
| B. यजुर्वेद | 2. अध्वर्यु |
| C. सामवेद | 3. उद्रातृ |
| D. अथर्ववेद | 4. ब्रह्मा |

(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

26. वेदों को 'अपौरुषेय' क्यों कहा गया है ?
(अ) वेदों की रचना देवताओं द्वारा की गई है
(ब) वेदों की रचना पुरुषों द्वारा की गई है
(स) वेदों की रचना ऋषियों द्वारा की गई है
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) BPSC 1998

27. वैशेषिक दर्शन के प्रतिपादक हैं–
(अ) कपिल (ब) अक्षपाद गौतम
(स) उलूक कणद (द) पतंजलि
उत्तर : (स) BPSC 1998

28. मीमांसा या पूर्व मीमांसा दर्शन के प्रतिपादक हैं–
(अ) जैमिनी (ब) बादरायण
(स) कपिल (द) गौतम
उत्तर : (अ) BPSC 1998

29. वेदांत या उत्तर–मीमांसा दर्शन के प्रतिपादक हैं–
(अ) जैमिनी (ब) बादरायण
(स) बुद्ध (द) महावीर स्वामी
उत्तर : (ब)

30. ऋग्वेद का कौन सा मंडल पूर्णतः सोम को समर्पित है ?
(अ) सातवाँ (ब) आठवाँ
(स) नौवाँ (द) दसवाँ
उत्तर : (स) SSC 2018

31. एशिया माइनर स्थित बोगाजकोई का महत्व इसलिए है कि–
(अ) वहाँ जो अभिलेख प्राप्त हुए हैं, उनमें चार वैदिक देवताओं इन्द्र, वरुण, मित्र और नासत्य का उल्लेख मिलता है
(ब) मध्य एशिया व तिब्बत के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र था
(स) वेद के मूल ग्रंथ की रचना यहीं हुई थी
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) UPPCS 2016

32. प्रसिद्ध दस राजाओं का युद्ध 'दाशराज युद्ध' किस नदी के किनारे लड़ा गया ?
(अ) गंगा (ब) ब्रह्मपुत्र
(स) कावेरी (द) परुषणी
उत्तर : (द)

33. धर्मशास्त्रों में भू–राजस्व की दर क्या है ?
(अ) 1/3 (ब) 1/4
(स) 1/6 (द) 1/8
उत्तर : (स)

34. 800 ई.पू. से 600 ई.पू. का काल किस युग से जुड़ा है ?
(अ) ब्राह्मण काल (ब) सूत्र युग
(स) रामायण युग (द) महाभारत युग
उत्तर : (अ)

35. किस काल में अछूत की अवधारणा स्पष्ट रूप से उदित हुयी ?
(अ) ऋग्वैदिक काल में (ब) उत्तर–वैदिक काल में
(स) उत्तर–गुप्त काल में (द) धर्मशास्त्र के काल में
उत्तर : (द) BPSC 1994

36. गायत्री मंत्र (देवी सवितृ को संबोधित) किस पुस्तक में मिलता है ?
(अ) ऋग्वेद (ब) यजुर्वेद
(स) उपनिषद् (द) भगवतगीता
उत्तर : (अ) BPSC 1994

37. न्यायदर्शन को प्रचारित किया था–
(अ) चार्वाक ने (ब) गौतम ने
(स) कपिल ने (द) जैमिनी ने
उत्तर : (ब) RAS/RTS 2009

38. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. ऋग्वेद
B. यजुर्वेद
C. सामवेद
D. अथर्ववेद
सूची–II
1. संगीतमय स्त्रोत
2. स्त्रोत एवं कर्मकाण्ड
3. तंत्र–मंत्र एवं वशीकरण
4. स्त्रोत एवं प्रार्थनाएँ
(अ) A – 4, B – 2, C – 1, D - 3
(ब) A – 3, B – 2, C – 4, D - 1
(स) A – 4, B – 1, C – 2, D - 3
(द) A – 2, B – 3, C – 1, D - 4
उत्तर : (अ) UPPCS 2001

www.rajstudents.com

39. प्राचीन भारत में 'निष्क' से जाने जाते थे–
(अ) स्वर्ण आभूषण/स्वर्ण मुद्राएँ
(ब) गायें
(स) ताँबे के सिक्के
(द) चाँदी के सिक्के
उत्तर : (अ) UPPCS 2005

40. योग दर्शन के प्रतिपादक हैं–
(अ) पतंजलि (ब) गौतम
(स) जैमिनी (द) शंकराचार्य
उत्तर : (अ) UPPCS 2008

41. उपनिषद् पुस्तकें हैं–
(अ) धर्म पर (ब) योग पर
(स) विधि पर (द) दर्षन पर
उत्तर : (द) UPPCS 2002

42. आरंभिक वैदिक साहित्य में सर्वाधिक वर्णित नदी है–
(अ) सिन्धु (ब) शतुद्रि
(स) सरस्वती (द) गंगा
उत्तर : (अ) UPPCS 1999

43. उपनिषद् काल के राजा अश्वपति शासक थे–
(अ) काशी के (ब) कैकय के
(स) पांचाल के (द) विदेह के
उत्तर : (ब) UPPCS 1999

44. अध्यात्म ज्ञान के विषय में नचिकेता और यम का संवाद किस उपनिषद् में प्राप्त होता है ?
(अ) वृहदारण्यक उपनिषद् में
(ब) छान्दोग्य उपनिषद् में
(स) कठोपनिषद् में
(द) केन उपनिषद् में
उत्तर : (स) UPPCS 1999

45. वैदिक नदी कुभा (काबुल) का स्थान निर्धारित होना चाहिए–
(अ) अफगानिस्तान में (ब) चीनी तुर्किस्तान में
(स) कश्मीर में (द) पंजाब में
उत्तर : (अ) UPPCS 1999

46. कपिल मुनि द्वारा प्रतिपादित दार्शनिक प्रणाली है–
(अ) पूर्व–मीमांसा (ब) सांख्य दर्शन
(स) न्याय दर्शन (द) उत्तर–मीमांसा
उत्तर : (ब) UPPCS 1998

47. कर्म का सिद्धांत संबंधित है–
(अ) न्याय से (ब) मीमांसा से
(स) वेदांत से (द) वैषेषिक से
उत्तर : (ब)

48. यज्ञ संबंधी विधि–विधानों का पता चलता है–
(अ) ऋग्वेद में (ब) सामवेद में
(स) ब्राह्मण ग्रंथों में (द) यजुर्वेद में
उत्तर : (द)

49. भारत के किस स्थल की खुदाई से लौह धातु के प्रचलन के प्राचीनतम प्रमाण मिले हैं ?
(अ) तक्षशिला (ब) अतरंजीखेड़ा
(स) कौशाम्बी (द) हस्तिनापुर
उत्तर : (ब) UPPCS 1998

50. निम्नलिखित में से किसका संकलन ऋग्वेद पर आधारित है ?
(अ) यजुर्वेद (ब) सामवेद
(स) अथर्ववेद (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

51. निम्नलिखित में से कौन 'प्रस्थानत्रयी' में शामिल नहीं है ?
(अ) भागवत (ब) भगवदगीता
(स) ब्रह्मपुत्र (द) उपनिषद्
उत्तर : (अ)

52. 'चरक संहिता' नामक पुस्तक किस विषय से संबंधित है ?
(अ) अर्थशास्त्र (ब) राजनीति
(स) चिकित्सा (द) धर्म
उत्तर : (स)

53. वैदिक युगीन सभा–
(अ) गाँवों के व्यावसायिक लोगों की संस्था थी
(ब) राज–दरबार होता थो
(स) मंत्रिपरिषद् होती थी
(द) राज्य के समस्त लोगों की एक सभा थी
उत्तर : (स)

54. वैदिक युग में प्रचलित लोकप्रिय शासन प्रणाली थी–
(अ) निरंकुश (ब) प्रजातंत्र
(स) गणतंत्र (द) वंशानुगत राजतंत्र
उत्तर : (स)

55. सबसे प्राचीन वेद कौन सा है ?
(अ) ऋग्वेद (ब) यजुर्वेद
(स) सामवेद (द) अथर्ववेद
उत्तर : (अ)

56. निम्नलिखित में से कौन भारतीय दर्शन की आरंभिक विचाराधारा है ?
(अ) सांख्य दर्शन (ब) वैशेषिक दर्शन
(स) मीमांसा दर्शन (द) योग दर्शन
उत्तर : (अ)

57. 'सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा एवं वेदांत' इन छः भिन्न भारतीय दर्शनों की स्पष्ट रूप से अभिव्यक्ति किस युग में हुई ?
(अ) वैदिक युग में (ब) गुप्त युग में
(स) कुषाण युग में (द) मौर्य युग में
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

58. निम्नलिखित में वह दस्तकारी कौन सी है जो आर्यों द्वारा व्यवहार में नहीं लाई गई थी ?
(अ) मृदभांड (पॉटरी)
(ब) आभूषण
(स) बढ़ईगीरी (काष्ठकारिता)
(द) लुहार (लुहारगीरी)
उत्तर : (द)

59. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I (उपवेद) | सूची–I (संबंधित वेद) |
|---|---|
| A. आयुर्वेद | 1. ऋग्वेद |
| B. धनुर्वेद | 2. यजुर्वेद |
| C. गंधर्ववेद | 3. सामवेद |
| D. शिल्पवेद/अर्थशास्त्र | 4. अथर्ववेद |

(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

60. ऋग्वेद के किन छः मंडलों को 'वंश मंडल' कहा जाता है ?
(अ) दूसरे मंडल से सातवें मंडल तक
(ब) पहले मंडल से छठे मंडल तक
(स) तीसरे मंडल से आठवें मंडल तक
(द) चौथे मंडल से नौवें मंडल तक
उत्तर : (अ)

61. किस वेद में जादुई माया और वशीकरण का वर्णन है ?
(अ) ऋग्वेद (ब) यजुर्वेद
(स) सामवेद (द) अथर्ववेद
उत्तर : (द) UPPCS 2004

62. ऋग्वेद में कुल कितने मंडल है ?
(अ) सात (ब) आठ
(स) नौ (द) दस
उत्तर : (द)

63. आर्य भारत में संभवतः आये–
(अ) यूरोप से (ब) मध्य एशिया से
(स) पूर्वी एशिया से (द) अन्य क्षेत्रों से
उत्तर : (ब)

64. 'आर्य' शब्द इंगित करता है–
(अ) नृजाति समूह को
(ब) यायावरी जन को
(स) भाषा समूह को
(द) श्रेष्ठ वंश को
उत्तर : (द) UPPCS 1999

65. कौन सा वेद अंशतः गद्य रूप में भी रचित है ?
(अ) ऋग्वेद (ब) यजुर्वेद
(स) सामवेद (द) अथर्ववेद
उत्तर : (ब)

66. ''सभा और समिति प्रजाति की दो पुत्रियाँ थी'' इसका उल्लेख किस वेद में मिलता है ?
(अ) ऋग्वेद (ब) यजुर्वेद
(स) सामवेद (द) अथर्ववेद
उत्तर : (द)

67. ऋग्वैदिक युग की प्राचीनतम संस्था कौन सी थी ?
(अ) सभा (ब) समिति
(स) विदथ (द) परिषद्
उत्तर : (स)

68. ब्राह्मण ग्रंथों में सर्वाधिक प्राचीन कौन है ?
(अ) ऐतरेय ब्राह्मण (ब) शतपथ ब्राह्मण
(स) गोपथ ब्राह्मण (द) पंचविश ब्राह्मण
उत्तर : (ब)

69. 'गोत्र' व्यवस्था प्रचलन में कब आई ?
(अ) ऋग्वैदिक काल में
(ब) उत्तर–वैदिक काल में
(स) महाकाव्य काल में
(द) सूत्रकाल में
उत्तर : (द) RAS/RTS 2009

70. अनुलोम विवाह का अर्थ है–
(अ) उच्च वर्ण पुरुष का निम्न वर्ण स्त्री के साथ विवाह
(ब) निम्न वर्ण पुरुष का उच्च वर्ण की स्त्री के साथ विवाह
(स) उच्च वर्ण पुरुष का उच्च वर्ण स्त्री के साथ विवाह
(द) निम्न वर्ण पुरुष का निम्न वर्ण स्त्री के साथ विवाह
उत्तर : (अ)

71. प्रतिलोम विवाह का अर्थ है–
(अ) उच्च वर्ण पुरुष का निम्न वर्ण स्त्री के साथ विवाह
(ब) निम्न वर्ण पुरुष का उच्च वर्ण की स्त्री के साथ विवाह
(स) उच्च वर्ण पुरुष का उच्च वर्ण स्त्री के साथ विवाह
(द) निम्न वर्ण पुरुष का निम्न वर्ण स्त्री के साथ विवाह
उत्तर : (ब)

72. वैदिक युग में 'यव' कहा जाता था–
(अ) गेहूँ (ब) जौ
(स) चावल (द) मक्का
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

73. 'ब्रीहि' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
(अ) चावल (ब) गेहूँ
(स) जौ (द) कपास
उत्तर : (अ)

74. 'अथर्व' का तात्पर्य है–
(अ) पवित्र जादू (ब) यज्ञ
(स) स्तुति (द) दर्शन
उत्तर : (अ)

75. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. शिक्षा
B. कल्प
C. निरुक्त
D. छन्द
सूची–II
1. ध्वनिशास्त्र
2. कर्मकाण्ड
3. शब्द व्युत्पत्ति शास्त्र/भाषा शास्त्र
4. छन्दशास्त्र
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ) UPPCS 2001

76. प्राचीनतम व्याकरण ग्रंथ 'अष्टाध्यायी' के रचनाकार हैं–
(अ) गौतम (ब) कपिल
(स) पतंजलि (द) पाणिनी
उत्तर : (द) RAS/RTS 2009

77. निम्न में से कौन सी स्मृति प्राचीनतम है ?
(अ) मनु स्मृति (ब) याज्ञवल्क्य स्मृति
(स) नारद स्मृति (द) पाराशर स्मृति
उत्तर : (अ)

78. 'आदि काव्य' की संज्ञा किसे दी जाती है ?
(अ) रामायण (ब) महाभारत
(स) गीता (द) भागवत पुराण
उत्तर : (अ)

79. प्राचीनतम पुराण है–
(अ) मत्स्य पुराणा (ब) भागवत पुराण
(स) विष्णु पुराण (द) वायु पुराण
उत्तर : (अ)

80. ऋग्वेद में सबसे पवित्र नदी किसे माना गया है ?
(अ) सिन्धु (ब) सरस्वती
(स) परुष्णी (द) शतुद्रि
उत्तर : (ब)

81. वैदिक समाज की आधारभूत इकाई थी–
(अ) कुल/कुटुम्ब (ब) ग्राम
(स) विष (द) जन
उत्तर : (अ)

82. ऋग्वैदिक काल के उस सबसे प्रधान देवता की पहचान करें, जिसकी स्तुति में 250 सूक्तों की रचना की गयी थी ?
(अ) इन्द्र (ब) अग्नि
(स) वरुण (द) सूर्य
उत्तर : (अ)

83. किस वेद में सभा को 'नरिष्ट' अर्थात् सामूहिक वाद–विवाद या अनुल्लंघीय कहा गया है ?
(अ) ऋग्वेद (ब) यजुर्वेद
(स) सामवेद (द) अथर्ववेद
उत्तर : (द)

84. किस रचना में नारी को सुरा और पांसा के साथ तीन प्रमुख बुराईयों में शामिल किया गया है ?
(अ) मैत्रायणी संहिता (ब) जाबाल उपनिषद्
(स) शतपथ ब्राह्मण (द) छांदोग्य उपनिषद्
उत्तर : (अ)

85. उत्तर–वैदिक काल में किस देवता को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था ?
(अ) प्रजापति (ब) इन्द्र
(स) विष्णु (द) रुद्र
उत्तर : (अ)

86. राजा के सिंहासनारोहण से संबंधित यज्ञ है–
(अ) राजसूय यज्ञ (ब) अश्वमेध यज्ञ
(स) बाजपेय यज्ञ (द) अग्निष्टोम यज्ञ
उत्तर : (अ)

87. राजनैतिक शक्ति बढ़ाने हेतु किया जाने वाला यज्ञ है–
(अ) राजसूय यज्ञ (ब) अश्वमेध यज्ञ
(स) बाजपेय यज्ञ (द) अग्निष्टोम यज्ञ
उत्तर : (ब)

88. शौर्य प्रदर्शन व प्रजा के मनोरंजनार्थ किया जाने वाला यज्ञ है–
(अ) राजसूय यज्ञ (ब) अश्वमेध यज्ञ
(स) बाजपेय यज्ञ (द) अग्निष्टोम यज्ञ
उत्तर : (स)

89. देवताओं को प्रसन्न करने हेतु अग्नि को पशुबलि दिया जाने वाला व सोमरस का पान किया जाने वाला यज्ञ है–
(अ) राजसूय यज्ञ (ब) अश्वमेध यज्ञ
(स) बाजपेय यज्ञ (द) अग्निष्टोम यज्ञ
उत्तर : (द)

www.rajstudents.com

90. संस्कारों की कुल संख्या कितनी है ?
(अ) 14 (ब) 15
(स) 16 (द) 18
उत्तर : (स)

91. तीन ऋण में शामिल नहीं है–
(अ) देव ऋण (ब) पितृ ऋण
(स) ऋषि ऋण (द) मातृ ऋण
उत्तर : (द)

92. मनुस्मृति मुख्यतया संबंधित है–
(अ) समाज व्यवस्था से (ब) कानून से
(स) राज्य कार्य पद्धति से (द) अर्थशास्त्र से
उत्तर : (अ) UPPCS 2007

93. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (ऋग्वेद में वर्णित नाम)
A. पुरुष्णी
B. शतुद्री
C. अस्किनी
D. विपाशा
सूची–II (आधुनिक नाम)
1. रावी
2. सतलज
3. चिनाव
4. व्यास
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)

94. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. ब्रह्म विवाह
B. देव विवाह
C. आर्ष विवाह
D. प्रजापत्य विवाह
सूची–II
1. समान वर्ण या जाति का विवाह
2. पुरोहित का पारिश्रमिक में मिले कन्या के साथ विवाह
3. कन्या मूल्य के रूप में एक जोड़ी गाय व बैल चुकाकर किया गया विवाह
4. बिना दहेज का विवाह
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 4, B – 2, C – 3, D - 1
उत्तर : (अ)

95. प्राचीनतम विवाह संस्कार का वर्णन करने वाला 'विवाह सूक्त' किस वेद में पाया जाता है ?
(अ) ऋग्वेद (ब) यजुर्वेद
(स) सामवेद (द) अथर्ववेद
उत्तर : (अ)

96. ऋग्वैदिक काल से संबंधित मृदभांड संस्कृति है–
(अ) गेरुवर्णी मृदभांड संस्कृति
(ब) चित्रित धूसर मृदभांड संस्कृति
(स) (अ) और (ब) दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

97. उत्तर–वैदिक काल से संबंधित मृदभांड संस्कृति है–
(अ) गेरुवर्णी मृदभांड संस्कृति
(ब) चित्रित धूसर मृदभांड संस्कृति
(स) (अ) और (ब) दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

98. ऋग्वेद में 'अघन्य' (वध योग्य नहीं) शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया था ?
(अ) ब्राह्मण (ब) गाय
(स) स्त्री (द) पुरोहित
उत्तर : (ब) UPPCS 2017

99. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. संग्रहीता
B. भागदूध
C. क्षता
D. अक्षवाय
सूची–II
1. कोषाध्यक्ष
2. कर संग्रहकर्ता
3. पांसे के खेल में राजा का सहायक
4. प्रतिहारी / राज प्रसाद का रक्षक
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (ब)

100. ऋत (प्राकृतिक संतुलन) स्थापित करने के कारण किस वैदिक देवता को 'ऋतस्य गोप' कहा गया है ?
(अ) इन्द्र (ब) वरुण
(स) सूर्य (द) विष्णु
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

101. निम्नलिखित में से कौन मूलतः जल या समुद्र का देवता था ?
(अ) इन्द्र (ब) नासत्य/आश्विन
(स) वरुण (द) मित्र
उत्तर : (स)

102. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. गन्धर्व विवाह
B. आसुर विवाह
C. राक्षस विवाह
D. पैशाच विवाह
सूची–II
1. प्रेम विवाह
2. कन्या को खरीदकर किया गया विवाह
3. पराजित राजा की कन्या या अपहरण की गई कन्या के साथ विवाह
4. सोई हुई अवस्था में कन्या को गुमराह कर या मानसिक रूप से अस्वस्थ कन्या को गुमराह कर उसके साथ किया गया
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 4, B – 2, C – 3, D - 1
उत्तर : (अ)

103. तीन क्रमों (पगों) में तीनों लोकों को माप लेने के कारण किसे 'उपक्रम' कहा गया है ?
(अ) सूर्य (ब) सवितृ
(स) मित्र (द) विष्णु
उत्तर : (द)

104. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. पूषण
B. रूद्र
C. द्यौ
D. अदिति
सूची–II
1. पशुओं को देवता
2. अनैतिक आचरण से संबंधित देवता
3. आकाश के देवता
4. देवताओं की माता
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)

105. 'अवेस्ता' और 'ऋग्वेद' में समानता है। 'अवेस्ता' किस क्षेत्र से संबंधित है ?
(अ) भारत से (ब) ईरान से
(स) इजरायल से (द) मिस्र से
उत्तर : (ब) UPPCS 2008

106. गायत्री मंत्र की रचना किसने की थी ?
(अ) वशिष्ठ (ब) विश्वामित्र
(स) इन्द्र (द) परीक्षित
उत्तर : (ब) UPPCS 2008

107. ऋग्वेद में निम्नांकित किन नदियों का उल्लेख अफगानिस्तान के साथ आर्यों के संबंध का सूचक है ?
(अ) अस्क्नी (ब) परुषणी
(स) कुभा (द) विपाशा
उत्तर : (स) UPPCS 2010

108. निम्नलिखित में से कौन सी एक ऋग्वैदिक आर्यों की लाक्षणिक विशेषता नहीं है ?
(अ) वे अश्वों, रथों और कांस्य के उपयोग से परिचित थे
(ब) वे लोहे के उपयोग से परिचित थे
(स) वे गौ से परिचित थे, जो संपत्ति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप थी
(द) वे ताम्र और आधुनिक हल–फाल के उपयोग से परिचित थे
उत्तर : (ब) CDS 2011

109. आर्यों के आर्कटिक होम सिद्धांत का पक्ष किसने लिया था ?
(अ) पार्जिटर (ब) ए.सी. दास
(स) बाल गंगाधर तिलक (द) जैकोबी
उत्तर : (स) SSC 2012

110. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I (वैदिक नदियाँ) | सूची–II (आधुनिक नाम) |
|---|---|
| A. कुभा | 1. गंडक |
| B. पुरुषणी | 2. काबुल |
| C. सदानीरा | 3. रावी |
| D. शतुद्री | 4. सतलज |

(अ) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(ब) A – 2, B – 3, C – 1, D - 4
(स) A – 3, B – 4, C – 2, D - 1
(द) A – 4, B – 1, C – 3, D - 2
उत्तर : (ब) UPPCS 2010

www.rajstudents.com